# बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्
Bihar State Biodiversity Board

बिहार सरकार

## बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद् के 11वीं बैठक की कार्यवाही

पर्षद् की 11वीं बैठक दो सत्रों में क्रमशः दिनांक 28.05.2025 तथा 16.06.2025 को सम्पन्न हुई।

उपस्थितिः—

6 पदेन सदस्यों में से 28.05.2025 को 5 सदस्य तथा 16.06.2025 को सभी सदस्य उपस्थित— यथा पंजी।

कार्यवाहीः—

उपस्थित सदस्यों के स्वागत के उपरान्त कार्यावली बिन्दुओं पर सचिव, बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद् द्वारा प्रस्तुति दी गयी एवं पर्षद् द्वारा इन पर निम्नवत् विचारण किया गया।

| कार्यावली संख्या | विषय—वस्तु एवं कार्यवाही का अभिलेखन |
|---|---|
| **1—** | **पर्षद् के 10वीं बैठक के कार्यवाही की सम्पुष्टि।** |
| **11.1 कार्यवाही की सम्पुष्टि** | पर्षद् के 10वीं बैठक की कार्यवाही सम्पुष्ट की गयी। |
| **2—** | **पर्षद् के वर्ष 2021—2022, 2022—23 एवं 2023—24 के वार्षिक लेखा का अनुमोदन।** |
| **11.2 पर्षद् की वार्षिक लेखाओं का अनुमोदन।** | (i) आन्तरिक अंकेक्षण के पश्चात् तैयार किये गये वर्ष 2021—2022, 2022—2023 तथा 2023—24 के वार्षिक लेखा प्रतिवेदनों को अनुमोदित किया गया।<br>परामर्शित किया गया कि वित्तीय वर्ष 2024—25 के लेखा का आन्तरिक अंकेक्षण भी शीघ्र पूरी करा कर पर्षद् की अगली बैठक में प्रस्तुत की जाय।<br>(ii) पर्षद् के गठन के वर्ष 2017—18 से 2020—21 तक के लेखाओं का लंबित वैधानिक अंकेक्षण महालेखाकार बिहार द्वारा सम्पन्न कराये जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। निर्णय हुआ कि 2021—22 से 2023—24 तक के अनुमोदित लेखा प्रतिवेदनों को महालेखाकार बिहार से वैधानिक अंकेक्षण कराने की कार्रवाई की जाय। |

**3–** **वित्तीय वर्ष 2024–25 में सम्पादित कार्यों तथा वित्तीय उपलब्धि की समीक्षा**

**11.3 वर्ष 2024–25 के कार्य एवं वित्तीय उपलब्धि**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में सम्पादित कार्यों तथा वित्तीय उपलब्धि की समीक्षा की गयी। समीक्षा के मुख्य बिन्दु/निर्णय निम्नवत् हैं :–

**(i) जैव विविधता प्रबंधन समितियों का गठन :–**

- राज्य के समस्त ग्राम पंचायतों में जैव विविधता प्रबंधन समिति का गठन हो जाने की सूचना ग्रहण की गयी।

- अधिकांश शहरी निकायों में जैव विविधता प्रबंधन समितियों का गठन लंबित रहने पर चिन्ता व्यक्त की गयी।

अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग द्वारा सुझाव दिया गया कि नगर विकास विभाग से पहल करने के साथ–साथ जिला पदाधिकारियों से भी समितियों के गठन हेतु सम्पर्क किया जाय।

- विमर्श के क्रम में अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग द्वारा यह सुझाव दिया गया कि जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जैव विविधता संरक्षण हेतु समिति गठित करने से जैव विविधता संरक्षण को क्षेत्रीय स्तर पर व्यापकता के साथ प्रभावी बनाया जा सकेगा।

अध्यक्ष ने अभिमत व्यक्त किया कि जैव विविधता का विषय पर्यावरण संरक्षण का एक मौलिक अवयव है, अतएव पूर्व से गठित **''जिला पर्यावरण समिति''** के कार्य विषयों में जैव विविधता के विषय–बिन्दु को शामिल करना व्यावहारिक विकल्प हो सकता है।

**(ii) जैव विविधता विरासत वृक्षों की घोषणा कार्यक्रम :–**

इस कार्यक्रम के आरंभिक चरण की प्रगति पर चर्चा हुई। इस क्रम में निजी भूमि पर अवस्थित वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित किये जाने के बिन्दु पर भू–स्वामी की सहमति के सम्बन्ध में जिज्ञासा व्यक्त की गई तथा ऐसे वृक्षों के संरक्षण की व्यावहारिक व्यवस्था निरूपित किये जाने को आवश्यक बताया गया। इस विषय की अग्रतर प्रगति कार्यावली संख्या–04 की कार्यवाही बिन्दु में उल्लेखित है।

**(iii) जैव विविधता विरासत स्थल की घोषणा :–**

सारण, औरंगाबाद तथा नालन्दा जिलों में चयनित स्थलों (क्रमशः चिरांद गंगा नदी का अंश तथा नदीतट, देव प्रखण्ड के पवई स्थित अधिसूचित पहाड़ी श्रृखंला तथा बिहारशरीफ के हिरण्यक पहाड़ी का अंश) से सम्बन्धित प्रस्तावों

| | |
|---|---|
| | पर चर्चा की गई तथा अन्य जिलों से प्रतीक्षित प्रस्तावों का संज्ञान लिया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार द्वारा रोहतास तथा कैमूर जिलों के विशिष्ट स्थलों को भी विचारण सूची में सम्मिलित करने का सुझाव दिया गया। इस विषय पर अग्रतर कार्रवाई वर्ष 2025–26 की कार्य योजना में सम्मिलित है। (कार्यावली संख्या– 04 अनुलग्नक– 1)<br>**(iv) जैव विविधता संबंधी शोध, अध्ययन इत्यादि :–**<br>05 विशेषज्ञ सरकारी संस्थानों के अनुसंधान संबंधी स्वीकृत 08 प्रस्ताव के शोध कार्यों के विषय में चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग द्वारा शोध परियोजनाओं के चयन एवं अनुश्रवण हेतु संस्थानिक व्यवस्था/प्रक्रिया को सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। |
| **4–** | **वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु प्रस्तावित कार्य एवं वित्तीय आकलन** |
| **11.4 वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु प्रस्तावित कार्य एवं वित्तीय आकलन** | सचिव, बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद् द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में पर्षद् के लिए उपबंधित 654.40 लाख रू० के सहायक अनुदान से क्रियान्वयित किये जाने वाले कार्यों की रूप–रेखा वित्तीय आकलन के साथ प्रस्तुत किया गया जो अनुलग्नक– 1 में उपलब्ध है।<br>कार्य–योजना के क्रिया–कलापों पर विचार विमर्श के क्रम में निम्नांकित परामर्श/अनुदेश दिये गये –<br>**(i) जैव विविधता प्रबंध समितियों को क्रियाशील करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण :–**<br>जिला एवं अनुमण्डल मुख्यालयों में निर्धारित प्रक्रियानुसार प्रशिक्षण कार्यशालाओं के आयोजन को नियमित रूप से जारी रखा जाय। इस क्रम में अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग द्वारा जैव विविधता प्रबन्धन समिति के कार्यों में **''जीविका समूह''** को भी सहयोजित करने का सुझाव दिया।<br>**(ii) जन जैव विविधता पंजी का संधारण/अधतीकरण** :<br>तकनीकी विशेषज्ञों की सेवा प्राप्त कर जन जैव विविधता पंजी के अधतीकरण सम्बधि कार्यों को संपादित कराने के प्रस्ताव पर सम्मति दी गयी।<br>**(iii) जैव विविधता संबंधी शोध/अध्ययन :–**<br>इस बिन्दु पर चर्चा के क्रम में अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग द्वारा सुझाव दिया गया कि शोध एवं अध्ययन के विषयों एवं संस्थानों के चयन हेतु नीति/मार्गदर्शिका बना लेना श्रेयष्कर होगा। संचालित शोध कार्यों का नियमित अनुश्रवण किया जाये। |

**(iv) जैव विविधता विरासत वृक्षों की घोषणा कार्यक्रम के तहत चयनित वृक्षों को जैव विविधता विरासत वृक्ष के रूप में घोषित करना :–**

- सरकारी भूमि पर अवस्थित 4 जिलों में अंतिम रूप से चयनित 14 वृक्षों (अनुलग्नक– 2 क) को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सहमति से जारी मार्गदर्शन के अंतर्गत घोषित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

- सामुदायिक और निजी/रैयती भूमि पर अवस्थित अंतिम रूप से चयनित 18 वृक्षों (अनुलग्नक– 2 ख एवं 2 ग) को सम्बधिंत भू–धारी/अभिरक्षक की सहमति प्राप्त हो जाने पर जैव विविधता विरासत वृक्ष घोषित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है।

विमर्श के क्रम में यह सुझाव दिया गया कि अन्य राज्यों में निजी भूमि पर अवस्थित वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित करने के मामलों में अपनायी गयी प्रक्रिया की जानकारी भी प्राप्त कर ली जाय।

**(v) प्रचार–प्रसार :–**

वृत्त चित्र निर्माण के बिन्दु पर अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग द्वारा इनकी गुणवत्ता पर विस्तृत चर्चा की गयी और यह सुझाव दिया गया कि वृत्त चित्रों की गुणवत्ता उत्कृष्ट होनी चाहिए जो National Geographical Channel इत्यादि के सदृश हो तथा वृत्त चित्र की अवधि तथ्यों के अनुरूप निर्धारित की जानी चाहिए। यह भी सुझाव दिया गया कि राष्ट्रीय स्तर के फिल्म निर्माता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और स्क्रिप्ट एवं एडीटिंग की गुणवत्ता उत्कृष्ट होना आवश्यक है। जानकारी दी गयी कि कला एवं संस्कृति विभाग से भी फिल्म निर्माण हेतु अनुदान का प्रावधान है तथा इस माध्यम का भी उपयोग किया जा सकता है।

अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि इनमें से कुछेक वृत चित्रों का निर्माण जैव विविधता प्रबंधन समिति के प्रशिक्षण कार्यशालाओं में उपयोग हेतु कराया जा रहा है।

**(vi) पंचायतों के जैव विविधता प्रबंधन समितियों को समर्थन राशि का प्रावधान :–**

जैव विविधता प्रबंधन समितियों को विभिन्न कार्यो के माध्यम से सशक्त बनाने के प्रयास पर संस्तुति दी गयी। इस संबंध यह निर्देश दिया कि जैव विविधता प्रबंधन समितियों के कार्य विषयों को व्यवहारिक रूप से लचीला रखा जाय ताकि स्थानीय परिपेक्ष्य के कार्यो के साथ उनके स्तर पर सृजनशीलता और नवाचार का अवसर रहे।

- **उपरोक्त परामर्श/अनुदेश के साथ प्रस्तावित वार्षिक कार्य योजना को उपलब्ध वित्तीय प्रावधान के अन्तर्गत क्रियान्वयन हेतु अनुमोदित किया गया।**

| | |
|---|---|
| 5— **11.5 बिहार जैव विविधता नियमावली, 2017 में संशोधन** | **जैव विविधता अधिनियम, 2002 में 2023 के संशोधनों के अनुसरण में बिहार जैव विविधता नियमावली, 2017 में संशोधन :—** |
| | सचिव, बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद् द्वारा संशोधन के प्रस्तावों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। बिहार जैव विविधता नियमावली, 2017 में प्रस्तावित 5 संशोधनों को अनुशंसित किया गया। यह निर्देश दिया कि उक्त अनुशंसित संशोधनों का प्रस्ताव सरकार को भेजी जाय।<br><br>इस क्रम में अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग द्वारा सुझाव दिया गया कि नियमावली में संशोधन होने तक समाज कल्याण विभाग तथा पंचायती राज विषयों के प्रशासनिक विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव को पर्षद् की बैठकों में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जा सकता है। |

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

ह०/—
(एस० चन्द्रशेखर)
सचिव,
बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना।

ह०/—
(भारत ज्योति)
अध्यक्ष,
बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना।

ज्ञापांकः— बी० 555 दिनांकः— 09/07/2025

<u>प्रतिलिपिः</u>— पर्षद् के सभी पदेन सदस्य।

1. अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, बिहार, पटना।
2. अपर मुख्य सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
3. प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।
4. सचिव, कृषि विभाग, बिहार, पटना।
5. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) बिहार, पटना।

09/7/25
(एस० चन्द्रशेखर)
सचिव,
बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद्, पटना।

303

अनुलग्नक– (1)

## वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु कार्य योजना एवं वित्तीय प्रावधान

### वित्तीय उपबंध (2025–26)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 0001.31.04 | सहायक अनुदान | (वेतन) | 88.18 लाख रू० |
| 0001.31.06 | सहायक अनुदान | (गैर वेतन) | 566.22 लाख रू० |
| | | कुल– | 654.40 लाख रू० |

| क्र०सं० | कार्य मद | | आकलित राशि (लाख रू०) |
|---|---|---|---|
| 1. | **जैव विविधता प्रबन्धन समितियों से सम्बन्धित क्रिया–कलाप** | | 205.00 |
| | (i) प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन (45 अनुमण्डलों में 01 दिवसीय कार्यक्रम) | 160.00 | |
| | (ii) जैव विविधता पंजियों का सत्यापन एवं अद्यीतकरण (50 पंचायत हेतु) | 12.00 | |
| | (iii) जैव विविधता प्रबन्धन समितियों द्वारा पंचायतों में क्रिया–कलाप (200 पंचायत हेतु) | 20.00 | |
| | (v) जन जैव विविधता पंजियों का डिजिटाइजेशन | 10.00 | |
| | (vi) जैव विविधता प्रबन्धन समितियों का Exposure Visit | 3.00 | |
| 2. | **प्रशिक्षण / प्रबोधन / Exposure Visit/ Internship तथा अन्य कार्यक्रम** | | 22.00 |
| | (i) वन अधिकारियों का प्रशिक्षण – (क) एवं (ख) | 2.50 | |
| | (ii) राजस्व–प्रमण्डल, मुख्यालयों में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण / प्रबोधन | 3.00 | |
| | (iii) पर्षद् के अधिकारियों का Exposure Visit | 1.50 | |
| | (iv) Internship कार्यक्रम तथा अन्य कार्यक्रमों में सम्बद्ध Young Professionals | 15.00 | |
| 3. | **शोध, अध्ययन इत्यादि** | | 61.00 |
| | (i) 2024–25 में स्वीकृत 08 अनुसन्धान कार्य | 30.00 | |
| | (ii) आमंत्रित विशेषज्ञों द्वारा अध्ययन परिभ्रमण | 3.00 | |
| | (iii) जैव विविधता विरासत स्थल के प्रस्तावों हेतु वैज्ञानिक तकनीकी अध्ययन | 3.00 | |
| | (iv) शहरी क्षेत्रों से सम्बन्धित जैव विविधता अध्ययन (City Biodiversity Index सहित) | 15.00 | |
| | (v) सामाजिक–आर्थिक पहलुओं पर अध्ययन | 10.00 | |
| 4. | **कार्यशाला एवं परामर्श बैठकों का आयोजन** | | 10.00 |
| | (i) राज्य जैव विविधता रणनीति एवं कार्ययोजना के सूत्रण हेतु | 7.00 | |



11th Board Meeting

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (ii) विविध विषयों पर कार्यशाला एवं परामर्श बैठकों का आयोजन | 3.00 | |
| 5. | **जैव विविधता संरक्षण सम्बन्धित भौतिक/क्षेत्रीय कार्य** | | 102.50 |
| | (i) अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस, 2025 एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन | 20.00 | |
| | (ii) 2022–23 के जैव विविधता वृक्षारोपण का सम्पोषण (04 प्रमण्डलों में कुल 04 स्थल) | 12.50 | |
| | (iii) RET & Medicinal Floras Conservation Areas | 70.00 | |
| 6. | **प्रचार–प्रसार, मुद्रण, फिल्म निर्माण** | | 82.00 |
| | (i) समाचार पत्रों में विज्ञापनों का प्रकाशन | 20.00 | |
| | (ii) सोशल मीडिया में प्रचार–प्रसार | 2.50 | |
| | (iii) क्षेत्रीय स्तर पर होर्डिंग | 5.00 | |
| | (iv) वृत्त चित्रों का निर्माण | 35.00 | |
| | (v) रेडियो एवं दूरदर्शन पर प्रकाशन | 2.50 | |
| | (vi) मुद्रण | | |
| | • जैव विविधता प्रबन्धन समितियों के लिये मार्गदर्शिका एवं पुस्तिकाओं का प्रकाशन। | 5.00 | |
| | • विभिन्न आयोजनों में वितरण हेतु ब्रोशर एवं पुस्तिकाओं का प्रकाशन। | 2.00 | |
| | • Biodiversity Strategy and Action Plan का प्रकाशन। | 3.00 | |
| | • वार्षिक प्रतिवेदन का प्रकाशन। | 3.00 | |
| | • विरासत वृक्ष पुस्तिका। | 2.00 | |
| | • विशिष्ट अध्ययन प्रतिवेदनों का प्रकाशन। | 2.00 | |
| 7. | **अन्य प्रशासनिक संचालन व्यय** | | 83.72 |
| | (i) कार्यालय साफ–सफाई (बाह्य एजेंसी के माध्यम से) | 5.40 | |
| | (ii) किराया, महसूस एवं कर | 30.82 | |
| | (iii) विधुत किराया | 3.50 | |
| | (iv) किराये के वाहन का व्यय | 5.00 | |
| | (v) कार्यालय व्यय | 12.50 | |
| | (vi) वेवसाइट का रख–रखाव | 7.00 | |
| | (vii) यात्रा भत्ता | 2.50 | |
| | (viii) अंकेक्षण एवं अन्य विधिक सेवा | 1.50 | |
| | (ix) उपस्कर क्रय | 3.00 | |
| | (x) Electroning सामग्री (MS Office, Weber, License, Antivirus, Laptop G/S Software etc) | 5.00 | |
| | (xi) वाहन इंधन एवं रख–रखाव | 7.50 | |
| | | **कुल** | **566.22** |

# सरकारी भूमि पर अवस्थित वृक्षों की सूची

| क्र०सं० | | वृक्ष का स्थान | | | | वृक्ष स्थल की भूमि की स्थिति | वृक्ष की प्रजाति | | वृक्ष की विशिष्टियाँ | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I | | II | III | IV | V | VI | VII | | VIII | IX | X | XI | XII | XIII |
| (i) | (ii) | | | | | | (i) | (ii) | | | | | | |
| Sl. NO. | Tree Id | जिला | प्रखण्ड | पंचायत | GPS | Status of Land भूमि की स्थिति | वृक्ष की प्रजाति | प्रजाति का वैज्ञानिक नाम | वृक्ष की अनुमानित आयु (वर्ष में) | तने की गोलाई (जड़ से छाती की ऊँचाई पर) (CM) | वृक्ष की कुल ऊँचाइ (CM) | वृक्ष के Clear Bole की ऊँचाइ (CM) | वृक्ष का क्राउन की ऊँचाइ (CM) | वृक्ष के अच्छादन (Canopy) का विस्तार (वर्ग.मी.) |
| 1 | 14987 | भागलपुर | Shahkund | GOVRAIN | 25.10632 86.896006 | सड़क किनारे की भूमि | बरगद | Ficus benghalensis | 200 | 500 | 2300 | 270 | 2030 | (930) 30 x 31 |
| 2 | 15101 | | Gopalpur | MAKANDPUR | 25.362641 87.124688 | सड़क किनारे की भूमि | गुलर | Ficus citrifolia | 90 | 800 | 1400 | 250 | 1150 | (1156) 34 x 34 |
| 3 | 10537 | बक्सर | Chausa | RAMPURKALA | 25.391416 83.795387 | सड़क किनारे की भूमि | पाकड़ | Ficus virens | 70 | 320 | 1300 | 250 | 1050 | (462) 21 x 22 |
| 4 | 10660 | | Buxar | KAMARPUR | 25.55108 83.935886 | सरकारी भूमि – ब्रहमस्थान के रूप में। | बरगद | Ficus benghalensis | 150 | 1250 | 2100 | 250 | 1850 | (1600) 40 x 40 |
| 5 | 11033 | | Chakki | ARAK | 25.603154 84.223104 | सड़क किनारे सरकारी भूमि | महुआ | Madhuca longifolia | 80 | 290 | 1840 | 320 | 1520 | (442) 26 x 17 |
| 6 | 11159 | | Barhampur | MAHUAR | 25.669068 84.336801 | सड़क किनारे सरकारी भूमि | बरगद | Ficus benghalensis | 80 | 310 | 2000 | 320 | 1680 | (900) 30 x 30 |
| 7 | 9998 | जमुई | Lakshmipur | DIGHI | 24.934439 86.435569 | सरकारी विद्यालय परिसर | कनक चम्पा | Pterospermum acerifolium | 120 | 320 | 1300 | 310 | 990 | (240) 16 x 15 |
| 8 | 10002 | | Lakshmipur | DIGHI | 24.932076 86.433538 | सरकारी भूमि | बरगद | Ficus benghalensis | 250 | 3400 | 3200 | 300 | 2900 | (1750) 50 x 35 |
| 9 | 10035 | | Lakshmipur | DIGHI | 24.958703 86.439746 | सरकारी भूमि, सड़क किनारे | पीपल | Ficus religiosa | 100 | 520 | 2500 | 450 | 2050 | (930) 30 x 31 |
| 10 | 10317 | | Gidhaur | KOLHUA | 24.872236 86.291168 | सरकारी भूमि, बांध किनारे | सेमल | Bombax celba | 130 | 1000 | 1900 | 336 | 1564 | (1258) 34x 37 |
| 11 | 15369 | | Lakshmipur | HARLA | 24.979709 86.379754 | सरकारी भूमि, विद्यालय परिसर | नीम | Azadirachta indica | 100 | 430 | 1500 | 260 | 1240 | (520) 26 x 20 |
| 12 | 15280 | मुंगेर | Dharhara | DHARAHRA MAHRANA | 25.254404 87.41229 | सरकारी भूमि, खाली जमीन में स्थित | नीम | Azadirachta indica | 100 | 300 | 1400 | 360 | 1040 | (289) 17 x 18 |
| 13 | 15285 | | Dharhara | MAHGAMA | 25.260539 86.412245 | सरकारी भूमि, सड़क किनारे | इमली | Tamarindus indica | 120 | 370 | 2300 | 790 | 1510 | (539) 24.5 x 22 |
| 14 | 15286 | | Dharhara | MAHGAMA | 25.3012379 86.38211773 | सरकारी भूमि, पहाड़ पर मंदिर परिसर में स्थित | खीरनी | Manikara hexandra (Roxb.) | 200 | 420 | 2000 | 300 | 1700 | 21.3 (5x4.26) |

अनुलग्नक– 2 (ख)

# सार्वजनिक स्थान पर अवस्थित वृक्षों की सूची

| क्र०सं० | | वृक्ष का स्थान | | | | वृक्ष स्थल की भूमि की स्थिति | वृक्ष की प्रजाति | | वृक्ष की विशिष्टियाँ | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I | | II | III | IV | V | VI | VII | | VIII | IX | X | XI | XII | XIII |
| (i) | (ii) | | | | | | (i) | (ii) | | | | | | |
| Sl. NO. | Tree Id | जिला | प्रखण्ड | पंचायत | GPS | Status of Land भूमि की स्थिति | वृक्ष की प्रजाति | प्रजाति का वैज्ञानिक नाम | वृक्ष की अनुमानित आयु (वर्ष में) | तने की गोलाई (जड़ से छाती की ऊँचाई पर) (CM) | वृक्ष की कुल ऊँचाइ (CM) | वृक्ष के Clear Bole की ऊँचाइ (CM) | वृक्ष का क्राउन की ऊँचाइ (CM) | वृक्ष के अच्छादन (Canopy) का विस्तार (वर्ग. मी.) |
| 1 | - | औरंगाबाद | Madanpur | Dakchani Umanga | 24.6597 84.538839 | सार्वजनिक – गैर मजरूआ भूमि | बरगद | Ficus benghallensis | 500 | 4500 | 5000 | 1000 | 4000 | (800) 30x27 |
| 2 | - | | Kutumba | Sanda | 24.572928 84.296837 | सार्वजनिक – पुराने मंदिर के परिसर में स्थित | कल्पवृक्ष | Adansonia digitata | 100 | 700 | 1000 | 500 | 500 | (100) 10x10 |
| 3 | 15000 | भागलपुर | Jagdishpur | JAGADISHPUR | 25.307085 87.191631 | सार्वजनिक भूमि | बरगद | Ficus benghallensis | 120 | 420 | 2500 | 600 | 1900 | (600) 24 x 25 |
| 4 | 10052 | जमुई | Lakshmipur | MARAIYA | 24.960032 86.379909 | सार्वजनिक भूमि, मंदिर परिसर में स्थित | पीपल | Ficus religiosa | 300 | 1000 | 1840 | 260 | 1520 | (960) 30 x 32 |
| 5 | 15281 | मुंगेर | Dharhara | DHARAHRA MAHRANA | 25.256514 86.405909 | सार्वजनिक भूमि, मंदिर परिसर में स्थित | पीपल | ficus religiosa | 300 | 1030 | 3000 | 500 | 2500 | (900) 30 X 30 |

# रैयती भूमि पर अवस्थित वृक्षों की सूची

| क्र०सं० | | वृक्ष का स्थान | | | | वृक्ष स्थल की भूमि की स्थिति | वृक्ष की प्रजाति | | वृक्ष की विशिष्टियाँ | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I | | II | III | IV | V | VI | VII | | VIII | IX | X | XI | XII | XIII |
| (i) | (ii) | | | | | | (i) | (ii) | | | | | | |
| Sl. NO. | Tree Id | जिला | प्रखण्ड | पंचायत | GPS | Status of Land भूमि की स्थिति | वृक्ष की प्रजाति | प्रजाति का वैज्ञानिक नाम | वृक्ष की अनुमानित आयु (वर्ष में) | तने की गोलाई (जड़ से छाती की ऊँचाई पर) (CM) | वृक्ष की कुल ऊँचाइ (CM) | वृक्ष के Clear Bole की ऊँचाइ (CM) | वृक्ष का क्राउन की ऊँचाइ (CM) | वृक्ष के अच्छादन (Canopy) का विस्तार (वर्ग.मी.) |
| 1 | 10887 | बक्सर | Chakki | ARAK | 25.615223 84.214746 | रैयती भूमि | पीपल | Ficus religiosa | 120 | 580 | 2300 | 420 | 1880 | (1760) 40 x 44 |
| 2 | 10972 | | Buxar | KHUTAHAN | 25.608813 84.043287 | रैयती भूमि | पाकर | Ficus virens | 200 | 520 | 1800 | 230 | 1570 | (625) 25 x 25 |
| 3 | 11017 | | Chakki | CHANDA | 25.602822 84.232952 | रैयती भूमि मंदिर के निकट | पीपल | Ficus religiosa | 150 | 630 | 1600 | 120 | 1480 | (1560) 40 x 39 |
| 4 | 11066 | | Chakki | CHANDA | 25.609452 84.236633 | रैयती भूमि | पीपल | Ficus religiosa | 150 | 740 | 2000 | 150 | 1850 | (1521) 39 x 39 |
| 5 | 11294 | | Buxar | NADAON | 25.548414 84.008803 | रैयती भूमि, सड़क किनारे | बरगद | Ficus benghallensis | 100 | 530 | 2100 | 80 | 2020 | (552) 24 x 23 |
| 6 | 11297 | | Buxar | NADAON | 25.54395 84.012838 | रैयती भूमि सड़क किनारे | पाकर | Ficus virens | 120 | 470 | 1200 | 190 | 1010 | (576) 24 x 24 |
| 7 | 11331 | | Chakki | JAWAHI DIAR | 25.645561 84.283785 | रैयती भूमि | बरगद एवं पीपल | Ficus benghallensis | 150 | 640 | 1930 | 540 | 1390 | (2304) 48 x 48 |
| 8 | 11390 | | Chausa | PAWNI | 25.527673 84.90945 | रैयती भूमि, मंदिर उपयोग में | बरगद | Ficus benghallensis | 120 | 370 | 2200 | 420 | 1780 | (900) 30 x 30 |
| 9 | 121 | जमुई | Chakai | POJHA | 24.552877 86.368969 | रैयती भूमि | बरगद | Ficus Benghalensis | 250 | 1260 | 1300 | 480 | 820 | (961) 31 x 31 |
| 10 | 9953 | | Jhajha | CHHAPA | 24.820714 86.394964 | सार्वजनिक मंदिर से सटे जमीन | बरगद | Ficus Benghalensis | 120 | 640 | 1500 | 630 | 870 | (676) 26 x 26 |
| 11 | 9987 | | Chakai | FARIZATADIH | 24.552877 86.368969 | रैयती भूमि, सड़क किनारे | महुआ | Madhuca longifolia | 100 | 853 | 2000 | 230 | 1770 | (1023) 31 x 33 |
| 12 | 10385 | | Gidhaur | RATANPUR | 24.887852 86.325262 | रैयती भूमि | सेमल | Bombax Ceiba | 150 | 1160 | 2000 | 280 | 1720 | (784) 28 x 28 |
| 13 | 15358 | मुंगेर | Munger | Munger (M Corp.) | 25.387734 86.483032 | निजी भूमि, ITC Ltd के परिसर में स्थित | बरगद | Ficus benghalensis | 300 | 1500 | 4800 | 570 | 4230 | (3250) 50 x 65 |